Website : www.news12bharat.com

# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया

सच्ची बात



संस्करण : धनबाद | बुधवार 17 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

**एक नजर**

## कांग्रेस प्रत्याशी बनी अनुपमा सिंह



(न्यूज12 भारत)

धनबाद | धनबाद लोकसभा क्षेत्र से श्रीमती अनुपमा सिंह को कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर आदरणीय अनुपमा सिंह जी को ढेरों शुभकामनाएं। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के स्वागत योग्य फैसले के लिए आभार और धन्यवाद।धनबाद लोकसभा क्षेत्र में आदरणीय अनुपमा सिंह जी का स्वागत है। आपकी जीत की अग्रिम बधाई और ढेरों शुभकामनाएं।

## बीआईटी सिंदरी के आर्ट्स क्लब ने एक मनमोहक फ्लैश मॉब आयोजित किया



(न्यूज12 भारत)

सिंदरी | बीआईटी सिंदरी के आर्ट्स क्लब ने 13 अप्रैल को "कार्पे डीएम" समारोह के दौरान धनबाद के प्रभातम मॉल में एक मनमोहक फ्लैश मॉब आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कलात्मक अभिव्यक्तियों का मिश्रण प्रदर्शित किया गया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शाम की शुरुआत एक मार्मिक नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें मतदान के अधिकार और नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रोमांचक नृत्य, लाइव बैंड प्रदर्शन और आकर्षक रैप गीतों के साथ, इस कार्यक्रम ने दर्शकों में उत्साह भर दिया।नृत्य कलाकारों की ऊर्जावान कोरियोग्राफी, संगीतकारों की मधुर धुन और शानदार रैप प्रदर्शन ने मॉल के संरक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभातम मॉल में भारी भीड़ देखी गई, पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों और कलाकारों दोनों में संक्रामक ऊर्जा का संचार हुआ। निर्बाध समन्वय और जीवंत प्रदर्शन ने "कार्पे डायम" की शानदार सफलता में योगदान दिया, जिसने उपस्थित सभी लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी।

## बोधगया में जनसंपर्क करते अजय कुशवाहा

(न्यूज12 भारत)

गया।गया संसदीय क्षेत्र के एणडीय प्रत्याशी के पक्ष बोधगया विधानसभा क्षेत्र मे उपेन्द्र कुशवाहा के राष्ट्रीय नेता अजय कुशवाहा ने जनसंपर्क किए और बोधगया के मंडल के लोगों को मत देने के लिए एक बैठक भी की जिसमें सुधाशु मिश्रा,सतीश कुमार सिन्हा काफी संख्या में एण्डीए कार्यकर्ता उपिस्थति थे।

## रामनवमी के पूर्व संध्या के अवसर पर विषेश पूजा एवं जागरण का आयोजन



(न्यूज12 भारत)

गया ।चांदचोरा स्थित दुर्गा माता मंदीर (अखाड़ा) परिसर में चैत्र नवरात्र के अष्टमी एवं रामनवमी के पूर्व संध्या के अवसर पर विषेश पूजा एवं जागरण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मंदीर के पुजारी नारायण शास्त्री, नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई,, बबलू गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चैत्र नवरात्रि हिन्दू समाज का सबसे बड़ा पर्व है जिसमें असत्य पर सत्य की बिजय के साथ ही भारत के आर्दश पूरुष भगवान् राम जी का जन्म दिवस के साथ साथ नववर्ष भी आता है।ओर सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं एवं वधाई दिया गया है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन भी आयोजित किया गया है। उपस्थित श्रदालुओं एवं अतिथियों द्वारा दुर्गा माता जी के आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

# गर्मी के मौसम में आग की रोकथाम के लिए डीडीएमए ने जारी की एडवाइजरी

(न्यूज12 भारत)

धनबाद | गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग की रोकथाम के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से एडवाइजरी जारी की है।

इस संबंध में अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद श्री विनोद कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। जिसका अनुपालन करना जरूरी है।



उन्होंने बताया कि एडवाइजरी में सभी अस्पताल, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में सक्रिय अग्नि-सुरक्षा उपकरणों का ठीक से काम करना, उसका नियमित रखरखाव व परीक्षण करना, डॉक्टरों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित ब्रीफिंग और अस्पताल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, बेसमेंट में दहनशील पदार्थ, बैटरी बैंक आदि का स्टोरेज नहीं करना, आपातकालीन निकासी मार्गों को आपातकाल में उपयोग के लिए खाली रखना, नियमित रूप से आपातकालीन निकासी और मॉक फायर ड्रिल करना, इलेक्ट्रीकल लोड के इनपुट-आउटपुट लोड को संतुलित रखना और इलेक्ट्रीकल ऑडिट कराने के साथ साथ मल्टी-प्लग, ओवरलोडिंग पावर स्रोतों आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई है।

अपर समाहर्ता ने एडवाइजरी का पालन कराने के लिए सिविल सर्जन एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी को सभी अस्पताल, नर्सिंग होम व अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा और रोकथाम से संबंधित किए गए उपायों की जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

## उलगुलान महारैली की सफलता के लिए बैठक एम ओ सी पी कम्युनिटी हाल में संपन्न हुई



(न्यूज12 भारत)

तिसरा। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान महारैली की सफलता के लिए झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बस्ताकोला क्षेत्र एवं लोदना क्षेत्र की बैठक मंगलवार को एम ओ सी पी कम्युनिटी हाल में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों क्षेत्र से मजदूर इस महारैली में शामिल होंगे और अपनी एकता का परिचय देंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय नेता हराधन रोजगार और युदेश्वर सिंह ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार एक साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाने का काम किया जनता इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। केंद्र की भाजपा सरकार मजदूर किसान विरोधी है। पूर्व मुख्यमंत्री के कामों से घबराकर षड्यंत्र के तहत उनको जेल भेजा गया उल्कालन रैली के माध्यम से बताने का काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रभास सिंह एवं संचालन कन्हैया सिंह ने किया। मौके पर हीरालाल गोराई, तारक पाल,फागू नापित, कृष्णा सिंह जितेन प्रमाणिक, सनातन टुडू, मुमताज, मोदी लाल मुंडा आदि थे।

# मोदी की गारंटी का गारंटर बनकर आया आपका बेटा भतीजा : समीर उराँव

(न्यूज12 भारत)

मांडर | भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव ने गुमला जिला के अन्तर्गत डुमरी प्रखण्ड के अनेक गाँवों का भ्रमण किया एवं जन संपर्क कर लोगां से संवाद किया । संवाद के दौरान समीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकलौती पार्टी है जो आज उसका प्रतिनिधि एक-एक गांव तक पहुँच रहा है । हम ना केवल चेहरा दिखाते हैं बल्कि समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने का भी काम करते हैं । पुरानी जितनी भी कांग्रेस की सरकार रही है केवल आदिवासियों को छलने का काम किया है , सुनाने का काम किया है । ये मोदी जी की नेतृत्व की भाजपा की सरकार है जो उनको सुनकर उनका काम करने का प्रयास करती है। मोदी जी की गारंटी का गारंटर बनने आपलोगों के सामने आया हूँ। इसी को आगे बढ़ाते हुए समीर उरांव ने कहा कि आप का ही का बेटा हूँ, आप का ही भतीजा हूँ, आप के ही बीच पला हूँ , बढ़ा हूँ , रहा हूँ। आपलोगों की समस्या को समझता हूँ, जानता हूँ ।सेवा का मौका मिलेगा तो समस्या को दूर करूँगा । भारतीय जनता पार्टी राजपथ पर नहीं कर्तव्य पथ पर कार्य करने वाली पार्टी है और जनजातियों को सबसे बड़ा सम्मान देने का किसी ने काम किया है तो भाजपा ने किया है आदरणीय द्रौपदी मुर्मु जी को राष्ट्रपति पद पर बैठा कर किया है । आने वाला चुनाव में लोग तरह-तरह की बातें कहेंगे , लेकिन भारतीय जनता पाटी का एक कार्यकर्त्ता होने के नाते मै आपलोगों को स्पष्ट कराता हूँ कि मैंने जो कहा है और मोदीजी जो कहते हैं वो कर के रहते हैं मोदी जी की गारंटी का गारंटर बनके आपसे आपका समर्थन मांगने आया हूँ अपना समर्थन दें और आने वाले 2024 की चुनाव में तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोहरदगा लोकसभा से भी एक कमल फूल दिल्ली भेंजे। यही आप सभी से निवेदन करने मैं आया हूँ।



समीर उरांव ने डुमरी प्रखण्ड में सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए सांस्कृतिक नृत्य के मांदर के थाप में लोगों के बीच में सरहुल के उत्सव में शामिल हुए और साथ ही उन्होंने कहा कि सरहुल हमारे प्रकृति का प्रतीक का पहचान वाला पर्व है हम आदिवासी सदैव ही अपनी संस्कृति को बचाने का काम किया है । जल , जंगल जमीन की रक्षा करना हमारा परम सिद्ध कर्तव्य है ।

# जय श्री राम क़े नारों क़े साथ रामनवमी पूर्व निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

(न्यूज12 भारत)

मांडर | मांडर क़े ब्राम्बे पानी टंकी शिव मंदिर प्रांगण से विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल क़े संयुक्त तत्वावधान में राम नवमी पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। राम भक्तों क़े जय श्री राम क़े नारे से गुंजायमान एन. एच. - 75 में राम लखन जानकी क़े साथ भक्त शिरोमणि हनुमान की झांकीसभी क़े लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। बाईक और कार क़े काफ़िले को मांडर पुलिस प्रशासन पुरे रास्ते सहयोग करता नजर आया। मांडर टोल नाका प्रबंधन ने राम भक्तों क़े लिए बिसलरी, सोसई आश्रम महाबीर मंदिर ने गुड़,चना,शरबत,पानी क़े साथ अल्प विराम की व्यवस्था की थी। ब्राम्बे शिव मंदिर से शोभा यात्रा मुड़मा, मांडर, सोसई आश्रम होते एन. एच.-75 में चान्हो क़े बीजूपाड़ा, चान्हो, सोंस, मदरसा चौक से पतरातु होते सोंस राम नवमी मेला टांड पहुँची, जहाँ श्रद्धा एवं भक्ति क़े साथ हनुमान चालीसा का पाठ व आरती क़े बाद शोभा यात्रा का विसर्जन किया गया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद क़े सदस्य, बजरंग दल क़े सदस्य, गुलाब सिंह, बाबू पाठक, भुनेश्वर सिंह, आदर्श प्रसाद साहु, विवेक सोनी, परमजीत सिंह,विकास तिवारी, बसंत सिंह, बहुरा एक्का सहित अन्य शामिल थे।



## अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी बनने पर पूरे लोकसभा क्षेत्र में हर्ष : ब्रजेंद्र

धनबाद | धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अंत तक कांग्रेस पार्टी ने अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है यह सुनकर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल हो गया है कांग्रेसियों ने आशा व्यक्त किया की अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से बिजय होगी साथ-साथ अनुपमा सिंह को बधाई भी दिया बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह संतोष सिंहए के झा राशिद राजा अंसारी जोगिंदर सिंह जोगी मदन महतो राजेश्वर यादव वैभव सिंह अनवर समीर प्रभाकर नोनिया रूपेश सिंह मनोज यादव डीएन यादव मनोज हादी सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई दिया है

## झारखंड में एक भी सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल और आत्मघाती कदम : इरफ़ान



(न्यूज12 भारत)

रांची | लोकसभा चुनाव में कॉग्रेस पार्टी द्वारा एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं देने पर विधायक इरफ़ान अंसारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 18%आबादी होने के बावजूद झारखंड में एक भी सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल और आत्मघाती कदम होगा। पार्टी के इस निर्णय से समाज में भारी आक्रोश है।इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कुछ नेताओं ने भरम फैलाया है कि अगर मुसलमान को टिकट दिया गया तो वोट ध्रुवीकरण हो जाएगा तो इसकी क्या गारंटी है कि अन्य जिसको भी टिकट दिया जा रहा है तो वह जीत जाएगा। 2%,3%,4% वालों को टिकट मिल रहा है तो क्या 18 % वाला सिर्फ वोट देने के लिए हैं ।पार्टी इस पर विचार करे नहीं तो लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुसलमान के वोट को कांग्रेस पार्टी हल्के में ना लें।कांग्रेस पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को नजरअंदाज करने का ही नतीजा है कि अन्य राज्यों में इनका वोट क्षेत्रीय पार्टी की तरफ चला गया है।मुसलमान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

## कांग्रेस ने चतरा,गोड्डा,और धनबाद से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की



(न्यूज12 भारत)

बेरमो | लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली कांग्रेस चुनाव कमेटी ने झारखंड के तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। चतरा से के एन त्रिपाठी, गोड्डा से दीपिका सिंह पांडे, और धनबाद से अनुपमा सिंह को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। अब रांची लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा अब तक नहीं हुई है। वैसे टिकट पाने की रेस में सुबोधकांत सहाय और बन्ना गुप्ता प्रमुख रूप से है। वहीं भाजपा छोड़ के आए कांग्रेस में रामटहल चौधरी का पत्ता साफ हो गया है।

# औरंगाबाद की मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी की परीक्षा में लहराया परचम

**औरंगाबाद से यूपीएससी क्रैक करने वाली अब तक तीसरी महिला अभ्यर्थी**

(न्यूज12 भारत)

औरंगाबाद । औरंगाबाद के सत्येन्द्र नगर की मोनिका श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 455 वा रैंक हासिल कर बिहार का गौरव बढ़ाया है. । इंजीनियर ब्रजेश श्रीवास्तव एवं प्रधानाध्यापिका भारती श्रीवास्तव की सुपुत्री मोनिका इसके पहले आईआईटीयन रह चुकी हैं और एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में भी काम कर चुकी हैं ।पिछले वर्ष आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी उन्होंने पूरे बिहार में छठा स्थान प्राप्त किया था और वह महिला अभ्यर्थियों में टॉपर थीं ।




फिलहाल मोनिका श्रीवास्तव बिहार सरकार में सहायक कर आयुक्त हैं और उन्होंने अपनी नौकरी के साथ-साथ यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की. इस परीक्षा में उनका 455 वा रैंक आया है ।मोनिका वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर और श्रीराम अम्बष्ट की भगिनी हैं । मोनिका की दो बड़ी बहनें प्रीतिका एवं श्रुतिका और एक भाई वैभव तीनों एमडी डॉक्टर तथा एक छोटा भाई श्वेताभ दिल्ली आईआईटी में अध्ययनरत है । मोनिका की सफलता की सूचना मिलती ही उनके घर पर बधाइयों का तांता लग गया । लोगों ने औरंगाबाद की इस बेटी को उसकी इस कामयाबी पर बहुत बधाइयां दीं । बाद में मोनिका श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने 2016 में आईआईटी पास कर इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी और उसके बाद एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम किया लेकिन उनकी इच्छा लोक प्रशासन के क्षेत्र में कुछ करने की थी इसलिए उन्होंने यूपीएससी के साथ-साथ बीपीएससी का भी एग्जाम दिया था । बीपीएससी में उनका परीक्षा परिणाम बहुत बेहतर रहा था और उन्हें छठा स्थान हासिल हुआ था ।फिलहाल वे सहायक कर आयुक्त के रूप में नियुक्त हैं लेकिन उनकी इच्छा यूपीएससी में जाने की थी । इसलिए उन्होंने इस बार यूपीएससी की परीक्षा दी । उन्होंने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग से उन्हें सेवा में जो भी दायित्व दिया जाएगा वह राष्ट्र हित में और जनहित में अपना श्रेष्ठ देने का प्रयास करेगी लेकिन उनकी इच्छा प्रशासनिक सेवा का हिस्सा बनने की है और वह इसके लिए आगे प्रयास करेंगी ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और भाई-बहनों के सहयोग तथा प्रोत्साहन को दिया तथा कहा कि उनके छोटे मामा कमल किशोर ने हमेशा उन पर विश्वास जताया और उन्हें प्रोत्साहित किया जिसकी वजह से उन्हें यह सफलता हासिल हुई है ।

# भ्रष्टाचार बनाम बेरोजगारी कौन पड़ेगा भारी

(न्यूज़12 भारत)

सिंदरी | 18 वीं लोकसभा चुनाव अपने पुरे शवाब पर है राजनीतिक दलों ने जहां चुनावी वादों की झड़ी लगा दी वही अपने अपने मुद्दों पर एक दूसरे को भी घेर रहे है एक तरफ नरेंद्र मोदी व उनकी टीम भ्रष्टाचार व परिवारवाद के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन को घेर रही है तो वहीं विपक्ष बेरोजगारी और महंगाई को लेकर एनडीए गठबंधन पर अक्रामक है देखा जाए तो सभी मुद्दे जनता से जुड़े हुए हैं लेकिन मतदाता को कौन सा मुद्दा ज्यादा प्रभावित करता है उसे पर ही नतीजा निर्भर करेंगे मोदी विपक्ष के नेताओं के नाम लेकर जहां भ्रष्टाचार और देश को विकास के लिए दीमक बता रहे हैं और परिवारवाद पर बेहद आक्रामक नजर आ रहे हैं वहीं विपक्ष का कहना है कि नरेंद्र मोदी को अपने सहयोगी दलों के परिवारवाद पर भरोसा




है केवल विपक्ष के परिवारवाद पर ऐतराज है विपक्ष मोदी के 2 करोड़ सालाना नौकरी के वादे तथा देश में व्याप्त बेरोजगारी और महंगाई के पिच पर भाजपा को लाने की कोशिश में जुटा हुआ है वहीं एनडीए के नेता लगातार इस बात को उठा रहे हैं कि विपक्ष सत्ता में आते ही केवल पैसे के बारे में ही सोचता है और अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लग जाता है सत्ता पक्ष इसको लेकर यू.पी.ए(UPA) सरकार के घोटाले से लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति का उल्लेख कर रहे हैं खुद नरेंद्र मोदी गांधी परिवार से लेकर लालू मुलायम शरद पवार द्रमुक का हवाला देकर घेरते है इन दलों का पूरा ध्यान अपने पीढियो को ही आगे बढ़ाने पर लगा रहता है इसके जवाब में विपक्ष भाजपा के सहयोगियों दलों और खुद भाजपा के बड़े नेताओं के परिवारवाद को लेकर इसे बेअसर करने मे जुटा है विपक्ष की पूरी कोशिश है कि चुनाव का पूरा ध्यान बेरोजगारी और महंगाई पर ले आया जाए विपक्ष के बड़े नेता राहुल गांधी से लेकर तेजस्वी अखिलेश यादव हर जनसभा में न केवल देश में बड़े पैमाने पर व्याप्त बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रहे हैं बल्कि सता मे आने पर बडे पैमाने पर सरकारी नौकरी देने का भी वायदा कर रहे है राहुल गांधी 30 लाख नौकरी देने का वायदा कर रहे है तो तेजस्वी एक करोड़ सरकारी नौकरी देने का वायदा कर रहे है भाजपा विपक्ष के इस नेरेटिव काट के लिए स्वरोजगार को बढावा देने और एन० स० स० ओ० ( NSSO ) के ऑकडे पेश कर रहे है तो विपक्ष इसके जवाब मे ILO के ऑकडे आगे कर रहा है जिसमें कहा गया है कि मोदी सरकार में शिक्षित युवाओं का अनुपात 65.7% तक पहुंच गया है इतना ही नहीं पिछले 45 वर्षों के बेरोजगारी दर सबसे उच्च स्तर पर है |

## SNMMCH अस्पताल प्रबंधन में मरीज परेशानी को लेकर नही है गम्भीर, स्वास्थ्य विभाग की दावों की खुली पोल

(न्यूज़12 भारत)

धनबाद | धनबाद जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल जहाँ जिले के साथ साथ संथाल जिले,गिरिडीह आदि जिले के मरीज अपने इलाज कराने पँहुचते है।हजारो लोग अपनी बीमारी ठीक होने की उमीद लगा यहाँ इलाज के लिये एडमिट हुआ करते है।लेकिन SNMMCH अस्पताल में भर्ती मरीजों को दवा से लेकर हवा सब कुछ अपने पैसे से इंतेजाम करना पड़ रहा है।गर्मी के मौषम में राहत को लेकर मरीजों को कोई सुविधा अस्पताल प्रबंधन नही मुहैया करा रही है।एक तरफ मरीज और उनके परिजन बीमारी से तकलीफ में है।तो दूसरी तरफ बेहताशा गर्मी ने उस तकलीफ को ओर भी बढा दिया है।अस्पताल का एसी वार्ड हो या जनरल वार्ड गर्मी से राहत को लेकर कोई सुविधा नही उपलब्ध कराया गया है।एसी बन्द कर दिया गया है।पंखे कुछ चल रहे तो कुछ महीनों से खराब पड़े हुए है।गरीब मरीज अब ऐसे में खुद से बाजार से पंखा खरीद कर लाकर मरीज व खुद को गर्मी से थोड़ी राहत पाने का प्रयास कर रहे है।वही जिनकी स्थिति बहुत खराब है वे लोग हाथों से पंखा ढुला अपने मरीज को रहात देने का काम कर रहे।कुछ तो कागज को पंखा बना हाथों से ढुला रहे है SNMMCH अस्पताल की कुव्यवस्था से स्वास्थ्य विभाग की सभी दावों की पोल खोल कर रख दी है।दुमका से अपने पिता का इलाज कराने आई मरीज परिजन नेहा केशरी ने कहा कि पिता को सुगर की बीमारी है।इलाज के लिये यहाँ भर्ती कराए।गर्मी से राहत के लिये खुद से पंखा बाजार से खरीद कर लाये है।वही दवा भी बाजार से ही लाना पड़ रहा है।गर्मी के कारण सभी बेहाल है।वही इलाजरत अजय केशरी ने कहा कि अस्पताल केवल कहने को बड़ा है।सुविधा कुछ भी नही है।बीमारी से तकलीफ है वही गर्मी ने ओर भी तकलीफ को बढ़ा दिया है।वही मरीज परिजन सावित्री मुर्मू,चंदा देवी ने कहा कि गर्मी से राहत का कोई उपाय नही है।

# लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ताः सुदेश महतो

**कार्यालय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा**

- सुदेश महतो ने बुंडू में आजसू पार्टी कार्यालय का किया उद्घाटन

(न्यूज़12 भारत)




रांची | हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड़ की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बड़ा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू में आजसू पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यलय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। यह कार्यालय क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा कार्यरत रहेगा। तमाड़ विधानसभा के विकास में इस कार्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

पंचायत व ग्राम प्रभारियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लगना है। पार्टी ने पूरे राज्य में ग्राम प्रभारी सुनिश्चित किया है। हर गांव में महिला और पुरुष प्रतिनिधि बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। बुंडू, तमाड़ और अड़की क्षेत्र में भी इस काम को पूरा कर लिया गया है अब तय समय के अंदर चूल्हा प्रमुखों के चयन के दायित्व को भी आप सभी पूरा करें।

## रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर निरसा एसडीपीओ की मोजुदगी में निकला गया फ्लैग मार्च

(न्यूज़12 भारत)



मैथन-रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला की मौजूदगी में मंगलवार की शाम मैथन थाना से फ्लैग मार्च शुरू होते हुए काली पहाड़ी मोड , , गलफरबाडी ओपी, निरसा थाना सहित विभिन्न चौक चौराहे पर पुलिस अधिकारियों और जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला । वही एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस इलाके में चौकस एवं सक्रिय है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है उन्होंने सभी अखाड़ा समिति से आगामी चुनाव और आचार संहिता को लेकर शांतिपूर्ण जुलूस निकालने की अपील की है,वह उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वाले को खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी और इन सभी लाइसेंसओ से रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने का अपील किया। जुलूस में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, व आगजनी जैसे खेलों पर भी पाबंदी लगाया गया है। वही इस फ्लैग मार्च में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार सहित पुलिस के कई अधिकारी सहित पुलिस के दलबल मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने किया तूफानी क्षेत्र का दौरा



(न्यूज़12 भारत)

राज्य की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी : सुबोध यादव

बेरमो | गिरिडीह लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी एवं डुमरी प्रखंड के बेरहा सुइयाडीह पंचायत के मुखिया सह जिला मुखिया संघ के महामंत्री सुबोध यादव ने अपने तूफानी दौरा के जन जनसंपर्क अभियान के दौरान बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के नक्सली प्रभावित क्षेत्र चतरो चट्टी,बड़की चिंद्री,आईएएल कॉलोनी, गोमिया गवर्नमेंट कॉलोनी, होशिर,स्वांग १बी, हजारी मोड,कथारा,जरंगडीह, क्षेत्र में तूफानी क्षेत्र का दौरा किया,और ग्रामीण एवं जनता से मिलकर जनसंपर्क अभियान करने के दौरान लोगो से अपना आशीर्वाद लिया। इस दौरान कथारा में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकार भाइयों से मिलकर महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता की, इस मौके पर जुझारू एवं सक्रिय नेता सुबोध यादव अपना लोक सभा स्तरीय विस्तार रूप से अपना जनसमपर्क अभियान कर चुके है,उन्होंने सभी पार्टी एवं दलों की कड़ी निंदा करते हुए कहां की झारखंड में निष्पक्ष निस्वार्थ की राजनीति की आवश्यकता है क्योंकि हमारे झारखंड वासी बहुत ही भोले होते हैं, प्रत्याशी श्री यादव ने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। देश बनाने का चुनाव है देश तभी विकसित बनेगा जब गांव का विकास होगा कहे की आप जनता मालिक हैं, ताकत आपके हाथ में है हम मंदिर मस्जिद की बात नहीं करते हम मुद्दे की बात करते हैं जिससे देश एवं राज्य का विकास होगा देश में सुनवाई एवं कार्रवाई वाली सरकार होनी चाहिए। पीएम मोदी पर तर्ज कसते हुए श्री यादव ने बोले की बीजेपी सबसे बड़ा झूठ बोलने वाला पार्टी है मोदी जी कभी भी बेरोजगारी मिटाने की बात नहीं करते हैं सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं|

## आपातकालीन परिस्थिति में दो यूनिट रक्त उपलब्ध करा कर समर्पण एक नेक पहल संस्था ने बचाई मरीज की जान

(न्यूज़12 भारत)




धनबाद | आज के समय में लगातार ज़न हित के लिए कार्य कर रही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल प्रत्येक दिन ज़रूरतमंद लोगों को अपनी सेवा प्रदान कर रही हैं जिससे सबसे ज्यादा लाभ रक्त से संबंधित मरीजों को मिल रहा हैं । गोविंदपुर, धनबाद के वरदान हॉस्पिटल ईलाजरत 45 वर्षीय मरीज मंजू दास के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी आनन-फानन में घर वालों ने एक यूनिट रक्तदान किया लेकिन मरीज के शरीर में रक्त की बहुत कमी होने के कारण डॉक्टर ने दो यूनिट बी पॉजिटिव रक्त और व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, इस बात की सूचना मरीज के परिजन ने दिनाँक 14 अप्रैल सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के ज़िला अध्यक्ष मनोज कुमार मंडल को दी उन्होंने बिना समय गंवाए श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए एक यूनिट रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड सेंटर द्वारा मरीज को रक्त प्रदान कर दी गई और दिनाँक 15 अप्रैल को फिर से एक यूनिट रक्त संस्था के द्वारा श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई गई, इस प्रकार कुल दो यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीज को संस्था के द्वारा उपलब्ध कराई गई, मरीज की तबीयत में पहले से अब काफी सुधार आई हैं और संस्था ने आगे भी जरूरत पड़ने पर मदद करने की बात कही हैं।

## पिछले 30 वर्षों से महावीर ध्वज बना कर बिक्री कर रहे रांगाटांड़ कर रहने वाले मोहम्मद असगर

(न्यूज़12 भारत)

धनबाद | पिछले 30 वर्षों से महावीर ध्वज बना कर बिक्री कर रहे रांगाटांड़ कर रहने वाले मोहम्मद असगर बताते है कि पेट के आगे कोई मजहब या धर्म नही होता है.यह हमारा रोजगार है .हम महावीर ध्वज में इतना आकर्षक साज- सज्जा करते हैं कि भक्तों को काफी पसंद FC आता है. भक्त भी किसी प्रकार का भेदभाव नही करते हैं. यह रोजगार पूर्वजों से ही चलता आ रहा है.यूं तो महावीर ध्वज की बिक्री सालों भर होती है.लेकिन रामनवमी में इसकी बिक्री कई गुणा बढ़ जाती है. इस वजह से ध्वज बनाने वाले कारीगरों की व्यस्तता भी होली के बाद से बढ़ जाती है. उन्होंने कहा कि ध्वज बनाने में इस्तेमाल होने वाले कपड़ों की आवक राजस्थान व गुजरात से होती है.कारीगरों को प्रति थान कपड़ा उपलब्ध कराया जाता है. जिसे कारीगर ध्वज का आकार में काट कर उस पर गोटा व सितारा लगा इसका निर्माण करते हैं. इसके बाद राम जी और हनुमान जी की छपी आकृति को ध्वज में लगाकर सुंदर और आकर्षक रूप देते है .ध्वज की कीमत 30 रुपये से 2000 तक है और धनबाद , झरिया ,फुसबंगला , डिगवाडीह , पाथरडीह ,सुदामडीह , जामाडोबा , सिंदरी , कतरास , गोविंदपुर ,निरसा आदि क्षेत्रों में इसकी बिक्री की जाती है.वहीं ध्वजारोहण को लेकर छोटी से बड़ी आकृति वाले बांस की बिक्री कर रहे गोविंदपुर के रहने वाले बशीरूद्दीन अंसारी और एजाज अंसारी बताते हैं कि रोजी रोजगार में अगर मजहब देखा जाएगा तो खुद का और परिवार का भरणपोषण करना काफी मुश्किल हो जाएगा .उन्होंने कहा कि वह रामनवमी के अवशर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ साथ धनबाद के हीरापुर स्थित वर्षों से बांस बेचने का कार्य कर रहे हैं . 100 रुपये से 500 रुपये तक के बांस है.रामनवमी में बांस की अच्छी बिक्री होती है|

## बजरंगी डंके क़े साथ गूंजा जय श्री राम का नारा, अखाड़े धारियों ने दिखाए अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में हैरतअंगेज करतब



(न्यूज़12 भारत)

मांडर : मांडर शिव दुर्गा मंदिर समिति क़े द्वारा आयोजित अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में बजरंगी डंके क़े साथ गूंजा जय श्री राम का नारा, अखाड़े धारियों क़े द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मांडर, चान्हो,बुढ़मू प्रखंड क्षेत्रों क़े विभिन्न गाँवो से आए अखाड़ेधारियों ने अपने अस्त्र शस्त्र चालन क़े अनोखे कला कौशल का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मन्त्रमुग्ध कर वाहवाही बटोरी। प्रथम पुरस्कार चान्हो सोपारम की टीम को शंकर आचार्या क़े द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. रवि आचार्या क़े नाम पर 31,00₹दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार कंजिया मांडर को स्व. गणेश केशरी क़े नाम पर ₹ 21,00 तथा तृतीय पुरस्कार चान्हो पहाड़टोली की टीम को मांडर मुखिया प्रकाश खलखो ने 15,00₹देकर प्रोत्साहित किया। थाना प्रभारी राहुल ने कार्यक्रम का आगाज राम भक्तों, अखाड़ा धारियों, समिति क़े सभी स्त्री पुरुष एवं बच्चों क़े साथ बजरंग बली की जय क़े नारे क़े बीच रामनवमी डंका बजा कर सभी को झूमाकर किया। उन्होंने सभी को अपने सम्बोधन में कहा कि भक्ति ही हमें संस्कार एवं अनुशासन सिखाती है। मौके पर शंकर आचार्या, पिंटू तिवारी, शैलवाहन कुमार, मुखिया प्रकाश खलखो, बेबी देवी, प्रीति केशरी, सुबोध शाहा, रमेश केशरी, पप्पू तिवारी, गीता देवी, शशि देवी, रेणु देवी, प्रमिला देवी, राकेश लहकार, ब्रज बिहारी ओझा, बजरंग साहु विक्की नाग, मनोज सोनी, आकाश आचार्या,, राजेश केशरी, बिनोद सेन गुप्ता, ममता देवी, रानी देवी, कांति देवी अशोक अग्रवाल सहित समिति क़े सदस्य मौजूद थे।

## डैफोडिल्स एकाडेमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

(न्यूज़12 भारत)

धनबाद | डैफोडिल्स ,करकेंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण समारोह। करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस बचपन एवं डैफोडिल्स एकाडेमी में धूमधाम से पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली, थाना प्रभारी ,पुटकी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात किया गया। विधालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी, मुख्य अतिथि को माला पहनाकर एवं श्वास भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधालय छात्र-छात्राओ द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सत्र 2023-2024 में वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रत्येक वर्ग में सबसे ज्यादा उपस्थिति रहने वाले प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय छात्र-छात्राओ को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय मनोहर करमाली ने विधालय प्राचार्य तापस बनर्जी, शिक्षक- शिक्षिकाओ की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद दिए। छात्र-छात्राओ को उनके कर -कमलो द्वारा पुरस्कार दिया गया। उन्होने शिक्षा पर अपना विचार व्यक्त किए जो काफी प्रशंसनीय था। उन्होने सुरक्षा सबंधित हर प्रकार की सहयोग करने का बात कहा। मंच का संचालन विधालय शिक्षक देवाशीष मुखर्जी एवं प्रमोद सिन्हा कर रहे थे। इस अवसर पर सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले तीन शिक्षको मे देवश्री नाहा, श्वासत रंजन कर एवं अनिल सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# श्रीनाथ सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में सम्राट अशोक की जयंती समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट सिंह चौधरी

(न्यूज़12 भारत)



पटना | बिहार की राजधानी पटना में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के तत्वाधान में आयोजित महान सम्राट अशोक की 2368 वीं जयंती समारोह 2024 सह "सम्राट अशोक रत्न अवॉर्ड" कार्यक्रम का आयोजन को किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीनाथ सिंह बौद्ध - नागमणि कुशवाहा ने किया और इसमें प्रदेश के हर कोने सहित देश विदेश से कई गणमान्य हस्तियां शामिल हुई । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय सम्राट चौधरी एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बिहार के उपाध्यक्ष माननीय उमेश कुशवाहा ने किया । अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गौतम बुद्ध बिहार दरोगा राय पथ पटना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में देश विदेश के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री सम्राट सिंह चौधरी ने प्रदेश की उन्नति में सम्राट अशोक के सिद्धांतों अमल में लाने की बात की और कहा कि सम्राट अशोक जैसा दूरदर्शी नेतृत्व आज हमारे प्रदेश को आगे बढाने में सहायक सिद्ध होगा। हमे उनसे बहुत कुछ सीखना होगा और सम्राट शोक की नीतियों का अनुसरण करके हम विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हो सकते हैं । सम्राट अशोक समाज के हर तबके को समृद्ध और खुशहाल देखना चाहते थे और इस दिशा में उनकी कार्यप्रणाली सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित करने वाली थी । हम इस बार लोकसभा चुनावों में भी उनके सिद्धांतो के अनुरूप ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीनाथ सिंह बौद्ध ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत सरकार का सम्राट अशोक के प्रति गंभीरता सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार की नीतियां और नीति नियंत्रक सम्राट अशोक के वंशजों और कुशवाहा समाज के प्रति अपने दायित्वों का संजीदगी ने निर्वहन करेगी और उन्हें विश्व धरोहरों में उचित सम्मान से नवाजित करने की दिशा में प्रयास करेगी । आज यहां उपस्थित उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट सिंह चौधरी जी एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा जी को अपने समाज और इस आयोजन समिति के तरफ से बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए यह कहते हैं कि प्रदेश की तरक्की में इसी तरह से योगदान देते रहें और आगे भविष्य में बिहार के सम्मान की गूंज में इसी तरह से सहभागिता बनाए रखें । इस मौके पर श्रीनाथ सिंह बौद्ध, नागमणि कुशवाहा, निरंजान कुशवाहा पप्पु, हरिओम कुशवाहा, रजीव भूषण , डॉ कमल प्रसाद बौद्ध, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्र के निर्माण के लिए मोदी सरकार बनाएं - दुल्लू महतो

**▶ भूली में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन**

(न्यूज12 भारत)

भूली। भूली स्थित चंद्रकला विवाह भवन में भाजपा भूली मंडल का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा भूली मंडल के सभी 45 बूथ अध्यक्ष से परिचय प्राप्त कर मोदी की गारंटी को घर घर ले जाने और मोदी के चार सौ पार के नारा को पूरा करने के लिए और धनबाद लोकसभा जितने को लेकर टिप्स दिया गया।



धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो का भव्य स्वागत किया गया। अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। ढुल्लू महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए मोदी की सरकार बनाइए। मोदी जी के गारंटी का प्रभाव ऐसा ही कि देश को आंख दिखाने वाले पाकिस्तान को उसके घर में घुस कर मारा। हमारे सैनिकों का हौसला बढ़ा है। मोदी जी की गारंटी से गरीबों, पिछड़ों के साथ सभी वर्ग को फायदा मिला है।

ढुल्लू महतो ने कहा कि धार्मिक रूप से कार्य करते हुए समाज के दलितों पिछड़ों गरीबों की सेवा करता रहा हूं। आज अगर मुझ पर केस दर्ज है तो यह मेरे सेवा भाव से घबरा कर विरोधियों द्वारा एक षड्यंत्र के तहत दर्ज है। अगर अपने कार्यकर्ताओं और सेवा के लिए मुझ पर मामला दर्ज होता है तो वह भी स्वीकार है।

ढुल्लू महतो ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नारा अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया है उसे पूरा करना आपके कंधो पर है। मैं हमेशा आपके साथ हूं।

### धनबाद विधायक ने नही लिया दुल्लू का नाम

भूली मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी भाग लिया। धनबाद विधायक ने अपने संबोधन में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। धनबाद विधायक ने भाजपा को चार सौ सीट देने में सहयोग करने की बात कही। लेकिन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने पूरे संबोधन में एक बार भी धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का नाम नही लिया। भूली मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन में भूली मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष और भूली मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बूथ वार जानकारी संकलित करने का काम महिला पदाधिकारी एव महिला कर्मियों के कंधों पर सौपा गया - जिलाधिकारी



(न्यूज12 भारत)

गया।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने आज समाहरणालय मीटिंग हाल में बनाये गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया है। डीएम स्वमं 3-4 घंटे बैठ कर किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने खूशी जाहिर करते हुए कहा कि ज़िले में पहली बार मतदान से संबंधित बूथ वार जानकारी संकलित करने का काम महिला पदाधिकारी एव महिला कर्मियों के कंधों पर सौपा गया है। 19 अप्रैल को लोकतंत्र के महापर्व की पूरी तैयारी कर ली गयी है। पोलिंग पार्टीया बुधवार से रवाना शुरु हो जाएगे, सभी पोलिंग पार्टी को डिस्पैच सेन्टर से ईवीएम 18 अप्रैल को प्राप्त करवाया जाएगा। समाहरणालय मीटिंग हॉल में गया ज़िले के लिये सभी 09 विधानसभा के लिये विधानसभा वार 01 - 01 महिला वरीय पदाधिकारी, 01-01 महिला पदाधिकारी एव 03-03 महिला कर्मी, इस प्रकार 01-01 विधानसभा के लिये 05 महिला पदाधिकारी, कर्मी का कुल 45 महिला पदाधिकारी,महिला कर्मियों को नियुक्त किया गया है। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित यह एक कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। यह विशेष पहल किया गया है। जिस तरह महिला मतदान केंद्र बनाया जाता है उसी तर्ज पर महिला द्वारा संचालित कंट्रोल रूम बनाया गया है। और काफी अच्छे से सभी लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताया कि 20 अप्रैल तक अच्छे ढंग से सुचारू रूप से संचालित करेंगे। सभी महिला कर्मियों को अच्छी तरह प्रशिक्षित हुयी है। इसी कंट्रोल रूम से गया ज़िला के सभी 09 विधानसभा के मतदान के सूचना का आदान प्रदान, कही से कोई प्राप्त होने वाले शिकायत का त्वरित निवारण करना, बूथ पर मतदान करवा रहे पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी से संवाद स्थापित करते रहेंगे। सारे काम यही से इसी कंट्रोल रूम से करवाया जाएगा।डीएम ने कहा कि हम सभी को गर्व है कि महिलाओं के माध्यम से इस कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इनका काम रहेगा कि सभी बुथो के गतिविधियों को सुचना प्राप्त करना, फिल्ड से कोई सुचना आए तो तुरंत निकारण करना, कर्मी गण के साथ संवाद स्थापित करना, सेक्टर जोनो के साथ संवाद स्थापित करना, पुरी स्थिती का रिपोर्टींग करना, हमलोग को भी जानकारी कराते रहना इत्यादि कार्य होगा। हर विधानसभा के लिये 3-3 हंटिंग लाइन की व्यवस्था की गई है ताकि आने वाले फ़ोन कॉल्स का फ्लो बरकरार रहे, हर कॉल को अटेंड किया जा सके।

## गया कॉलेज खेल परिसर संबंधित ट्रैफिक प्लान

(न्यूज12 भारत)

गया। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदात की तिथि दिनांक-19 को निर्धारित है। इस हेतु ई भी एममशीन वितरण के लिए शहर के गया कॉलेज को ई भी.एम डिस्पैच एवं रिसिविंग सेन्टर बनाया गया है। इस अवसर पर काफी संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं मतदान से संबंधित पदाधिकारी,कर्मियों आयेंगे। इसके साथ ही E.V.M मशीन प्राप्त करने के उपरान्त वाहनों द्वारा कलस्टर प्वाईंटों एवं मतदान केन्दों पर ले जाया जाएगा। ऐसी स्थिति में यातायात नियंत्रण हेतु उक्त अवधि में पार्किंग स्थल मार्ग से संबंधित ट्रैफिक प्लान तैयार की गई है, जो निम्न प्रकार है। वाहनों के लिए नो इण्ट्री प्रवेश वर्जित गया शहर के इस प्रकार गया कॉलेज मोड़ से गेवाल बिगहा के तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर। जिला पदाधिकारी आवास मोड़ ,सुधा डेयरी के पास मोड़ एवं पुलिस लाईन मोड़ से गया कॉलज की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर। वाहनों का वैकल्पिक मार्गः-जिला पदाधिकारी आवास मोड़ -अतिथि गृह- आशा सिंह मोड़ , मिर्जा गालिब ⊠ होते हुए जायेंगे।

## प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को जमीन में 400 फीट नीचे गाड़ देने के बयान पर भड़की भाजपा

**▶ निराश,हताश इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की कर रहा साजिश : प्रतुल शाह देव**

(न्यूज12 भारत)

रांची | भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऊपर जानलेवा हमला करने की साजिश करने आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज में झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य




नज़रुल इस्लाम ने विकृत मानसिकता और जिहादी सोच का परिचय देते हुए मोदी जी को जमीन के 400 फीट नीचे गाड़ने की धमकी दी है। प्रतुल ने कहा इस बयान के सार्वजनिक होने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह साफ दिखता है की सरकार ऐसे जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इससे पूर्व कोडरमा में राजद नेता ने मोदी जी की खोपड़ी में गोली मारने की बात कही थी। यह सीक्वेंस साफ दिखता है कि इंडि गठबंधन के नेता मोदी जी के खिलाफ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए साजिश कर रहे हैं और जनता को भड़का रहे है।

प्रतुल ने कहा यह बेहद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड पुलिस के द्वारा अब तक नज़रुल इस्लाम की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इस जेहादी व्यक्ति ने तो सीधे तौर पर प्रधानमंत्री के हत्या की बात कही है। लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री चौपाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा खामोश है। प्रतुल ने कहा इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए क्योंकि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से सीधा जुड़ा मामला है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की अस्मिता और गौरव के प्रतीक है।उनके हत्या करने करने की बात करके विपक्ष साफ दिखा रहा है कि उसका लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास नहीं है।

## कांड्रा में बूथ कमेटी की बैठक में गरजे सीएम

**जुमलेबाज भाजपा को झारखंड में खड़ा होने का जगह नहीं देगा राज्य की जनता**

(न्यूज12 भारत)

गम्हरिया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता जुमलेबाज भाजपा को झारखंड में खड़ा होने का जगह नहीं देगा। पिछले विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार बहुमत हासिल कर हमारी गठबंधन ने मजबूत सरकार बनाया, उसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुलने नहीं दिया जायेगा। राज्य की जनता इस जुमले की सरकार से अब सावधान हो गई है। मुख्यमंत्री कांड्रा मोड़ पर स्थित पदमपुर मैदान में बूथ कमेटी के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने दो करोड़ युवाओं को नौकरी की गारंटी दी थी। किसानों को उनका आय दोगुना का भरोसा दिलाया था। गरीबों को आवास देने की घोषणा की थी। किंतु राज्य के निवासियों को अब इस जुमलेबाजी का पता चल गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 8 लाख पीएम आवास के पैसे को राज्य में भेजने से रोक दिया।



11 लाख राशन कार्ड को रद्द कर गरीबों को भूख से तड़पने पर विवश कर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए 5 हजार प्राइमरी स्कूल को बंद कर दिया। 4सौ की जगह गैस सिलेंडर की कीमत 12 सौ कर दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पारित कर 1932 का खतियान एवं पिछड़ी जाति का रिजर्वेशन 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर राज्यपाल का पास भेजा गया, किंतु भाजपा ने वहां रोक दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां की जनता को दो के बजाय तीन कमरे का अबूआ आवास, 30 लाख लोगों को राशन कार्ड और सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल खोलकर शिक्षा से वंचित बच्चों को उच्च कोटि की शैक्षणिक माहौल देने का काम किया। 50 हजार महिला समिति को अपने पैरों पर खड़ा कर से रोजगार का मौका दिया। कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि राज्य की जनता को क्या दिया है।

बताना होगा कि उन्होंने राज्य में कौन सा विकास किया है, और अगर विकास नहीं किया तो फिर यहां की जनता से वोट मांगने का भी अधिकार नही है। उन्होंने बूथ कमेटी के सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि देश, झारखंड, संविधान, लोकतंत्र को बचाना है और भाजपा की तानाशाही रवैए से मुक्त होने के लिए महा गठबंधन को मजबूत बनाएं। इससे पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई ने कहा कि झारखंड की संस्कृति, जल, जंगल और जमीन का सौदा करने वाले भाजपाइयों से सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि राज्य को बचाने के लिए हम सभी झारखंडियों को एकजुट होकर महा गठबंधन को वोट देना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कृष्णा बास्के के आवास पर भी गए। वहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, केंद्रीय सदस्य रामदास टुडू, पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, सीएम के प्रेस सलाहकार चंचल गोस्वामी, आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि, सनत आचार्य, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राम हांसदा, केंद्रीय सदस्य कृष्ण बास्के, गोपाल महतो, पिंकी मंडल, मुखिया पियो हांसदा, शंकरी सिंह, सुकमति मार्डी, गौतम महतो ,राजेश भगत, अजीत सेन, बप्पा पात्रो उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम

**▶ तीसरा थाना प्रभारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया**

(न्यूज12 भारत)

तिसरा। एमओसीपी स्थित किड्स गार्डन स्कूल में सामाजिक संस्था अस्तित्व धनबाद की ओर से मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों व आसपास के लोगों को चुनाव के महत्व व मतदान का अधिकार को विस्तार से बताया कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र का निर्माण करता है अपने घर के आसपास रहने वाले परिजन जिनका मतदाता सूची में नाम है उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें कई लोग मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करने में कोई रुचि




नहीं दिखाते हैं इससे क्षेत्र में गलत प्रतिनिधि का चयन हो जाता है मतदान करना सभी मतदाताओं का मौलिक अधिकार है मतदान अधिक से अधिक करने से स्वच्छ समाज व लोकतंत्र के निर्माण में मदद मिलता है थानेदार सुमन कुमार ने विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी भी दी कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलावे,वाहन हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर ही चलना चाहिए जिससे दुर्घटना कम होती है साथ ही वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस इंश्योरेंस के कागजात ऑनर पेपर प्रदूषण पेपर साथ में रखें अन्यथा भारी जुर्माना का भुगतान करना पड़ता है सभी विद्यार्थी मेहनत से कभी नहीं घबरावे मेहनत से हर मुकाम पाया जा सकता है विद्यार्थी हमेशा लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े सफलता जरूर मिलेगा इस दौरान थाना प्रभारी ने करीब 5 गरीब बच्चों को किताब अपने सौजन्य से किताब कॉपी उपलब्ध करवाया.साथ ही अन्य कल्याणकारी कार्य मैं मदद का भरोसा अस्तित्व संस्था को दिया|

## संविधान बनाने वाले 80 से 90 प्रतिशत लोग सनातनी थे' कोंग्रेस,राजद पर वार

**दलित, वंचित, पिछड़ा के नाम पर कांग्रेस-आरजेडी ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

(न्यूज12 भारत)

गया।गया के एतिहासिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे पाच रैलीया करनी है सारे प्रोटोकॉल छोडकर यहा पहुच गया।विश्व विख्यात ज्ञान एवं मोक्ष की भुमी को नमन करता हूं,प्रणाम करता हु यह वह धरती है ।यह वह धरती है जो मगध का ऐश्वर्य देखा है,जिसने बिहार का वैभव देखा है।सोभाग्य की बात है जब मे गया जी आया हु आज नवरात्रि भी है और सम्राट अशोक की जंयती भी है भारत एवं बिहार अपने उस प्राचिन गोरव को आगे बढाने के लिए आगे बढ रहा है।यह चुनाव विकसित भारत और विकसित संकल्प का चुनाव है।इस धरती पर उमडा जैनसेलाब ,अपार जनसमर्थन,आपका उत्साह साफ बता रहा है फिर एक बार मोदी सरकार,चार जुन चार सो पार का नारा लगवाए प्रधानमंत्री ने,गया के लोगों का यह प्यार एव आशिर्वाद कभी भी नही भुल सकता हूं।एसा पहली बार है किसी संकल्प पत्र को गारटी कार्ड बोला जा रहा है मोदी गरिब घर से निकलकर यहा तक पहुचा है।आपका यह उत्साह सर आंखों पर,आपका यह प्यार जीवन भर मेरे कानो मे गुजता रहेगा।जनता से इछज्जात मागे प्रधानमंत्री ने की आगे बोलना शुरू करु,यह उर्जा बचाए रखिए चार जुन को भी जरुरत



पडेगी,डा राजेन्द्र बाबु,डा भिम राव अंबेडकर, का संविधान नही होता तो ऐसी पिछडे परिवार में पैदा हुआ बेटा देश का प्रधानमंत्री नही बन सकता था।हमारा देश विधवताओ से भरा हुआ है।हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ देश है।सभी धर्म को मानने वाला देश है ।सभी को चलाने के लिए एक ही पवित्र व्यवस्था हमारा संविधान हैं।हमारा संविधान हम सब के लिए पवित्र है। संविधान निर्माताओं का सपना था भारत समृद्ध बने,देश में राज्य करने वाले विपक्षी सरकार ने मोका गवा दिया है दशको तक गरिबों को सपने दिखाए कोंग्रेस और उसके गंठबंधन के लोगों ने,चार हजार करोड पक्के मकान दिए एण्डीए सरकार ने,दलीत,पिछीडा के नाम पर कोंग्रेस और आर जेडी ने अपना स्वार्थ साधा है।सम्मान जैसा जीवन एण्डीए ने दिया है। तीन करोड पक्का के मकान बनाए जाएगे, किसान सम्मान नीधी आगे भी जारे रहेगी,उधोगीक क्षेत्र की तस्वीर भी उधोगीक कोरीडोर से बदलेगी, लोगों को रोजगार के लिए बाहर नही जाना पडेगा,दस करोड महिलाए सेल्फ एप से जुडी है। बिहार में भी सवा करोड़ बहने सेल्फ एप से जुडी है।गया जी के पाच लाख बहने इस समुह से जुडी है।जब कोंग्रेस की सरकार थी तो बिहार में महिला साहयता समुह को बहुत कम रुपया मिलती थी। बिहार के महिलाओं को हमारी योजना से लाभ मिलेगा,यहा नोर्थ कोयल पोर्जक्ट लम्बे एरसे से रुका हुआ था जिससे लोगों को किसानों को पुरा लाभ मिल रहा है।एताहसीक धरोहर मे भी गया जी को भी शामिल किया गया है।गुजारत मे एक जगह को मानसु सात्र फल माना जाता है।विरासत को वर्ल्ड हेटील मे लेकर जाएगी,आकांक्षी जिला मे गया का विकास सुनिश्चित किया गया है।गया स्टेशन क काया कल्प किया जा रहा है।देश के लिए बहुत कुछ करना है। बिहार के लोग जानते हैं कि यह चुनाव दल का नही देश का चुनाव है।एक तरफ संस्कृति को मानने वाले लोग हैं एक तरफ निचा देखाने वाले लोग हैं।कल सूर्य कि किरने राम लला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेगी, लेकिन घमण्डीया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी पेरशानी है राम मंदिर पर कैसी कैसी भाषा बोल रहे हैं।एक समुदाय को तुष्टिकरण करन मे लगी है।जनता के बिच विपक्षी जाते हैं तो नितीश के कामो पर वोट मांगते हैं।, आरजेडी ने भी इतने वर्षो तक बिहार में राज्य किया है। लेकिन अपने कार्यालय के बारे में जिक्र करने में परहेज हो रही है। बिहार में जंगलराज का चेहरा आरजेडी है ।अदालत से भी रोक लगा दी है। भारत एवं बिहार अपने उस प्राचिन गोरव को आगे बढाने के लिए आगे बढ रहा है।यह चुनाव विकसित भारत और विकसित संकल्प का चुनाव है।इस धरती पर उमडा जैनसेलाब ,अपार जनसमर्थन, आपका उत्साह साफ बता रहा है फिर एक बार मोदी सरकार,चार जुन चार सो पार का नारा लगवाए प्रधानमंत्री ने,गया के लोगों का यह प्यार एव आशिर्वाद कभी भी नही भुल सकता हूं।